पर प्रति क्रमशः 36% और 33.5% सूचित की गई है।

(घ) राज्य सरकार ने चरण-II की शेष लागत 1222 करोड़ रुपए आंकी है और परियोजना को दसवीं योजना तक ले जाने की संभावना है।

Review of Narmada Project

@946. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) whether Government have received any request to review the Narmada Project; and

(b) if so, what is Government's reaction thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WATER RESOURCES (SHRI MANUBHAI KOTADIA): (a) Yes, Sir, representations to this effect from some non-Government organisations have been received.

(b) The matter is proposed to be discussed with the Chief Ministers of the States involved in the development use of Narmada Waters.

खाद्यान्नों का निर्यात

@@947. **श्री रत्नाकर पाण्डेय :** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खाद्यान्नों का निर्यात करने के मुख्य कारण क्या हैं ;

(ख) वर्ष 1990-91 के दौरान किन-किन देशों को कितनी कितनी-मात्रा में खाद्यान्नों का निर्यात किये जाने की सम्भावना है ; और

(ग) उससे कुल कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की जायेगी ?

% Previously Unstarred Question 378 transferred from the 8th May, 1990.

!

@@पूर्वतः अतारांकित प्रश्न 557, 11 मई, 1990 से स्थानान्तरित।

वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरंगिल श्रीधरन) : (क) अनाज के निर्यात की अनुमति उत्पादन और खपत के स्वरूप को ध्यान में रखकर तथा सम्भावित निर्यात योग्य देशी का जायजा लेने के बाद की जाती है।

(ख) और (ग) वर्ष 1990-91 के दौरान निर्यात की मात्री और मूल्य निर्यातकों द्वारा निर्यात संविदाओं के संबंध में सफल समझौता वार्ताओं तथा अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार वातावरण पर निर्भर करेगा। मुख्य बाजार हैं : मध्य-पूर्व, सोवियत संघ तथा ब्रिटेन।

नई दिल्ली स्थित अकबर होटल का पुनः खोला जाना

948. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नई दिल्ली स्थित अकबर होटल के पुनः खोले जाने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) क्या सरकार को कुछ संसद सदस्यों तथा श्रमिकों के प्रतिनिधि से कोई ज्ञापन प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सत्यपाल मलिक) : (क) दिल्ली में होटल आवास में वृद्धि करने के लिए अकबर होटल को फिर से चालू कर। के प्रश्न पर विदेश मंत्रालय के सा परामर्श करके विचार किया जा रहा है।

(ख) अखिल भारतीय भारत पर्यटन विकास निगम कर्मचारी यूनियन के दिनांक 26.12.1989 के अभ्यावेदन के साथ श्री इन्द्रजीत गुप्त, संसद सदस्य का दिनांक 3.1.1990 का एक पत्र प्राप्त हुआ है। उक्त अभ्यावेदन में अन्य बातों के साथ-साथ यह अनुरोध किया गया है कि अकबर होटल को पुनः खोलने के बारे में नीतिगत निर्णय लिया जाए।